


**Warning:** Smartkeeda possesses all copyrights on its content. This doesn't allow anyone to use its content for commercial purposes. If any infringement is found, legal action will be taken against the individual or entity. If you want to use the content for commercial purposes, kindly write to us at admin@smartkeeda.com .

# Hindi Fill in the Blanks Questions for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

## Hindi Fill in the Blanks Quiz 8

**दिशा निर्देश: निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक रिक्त स्थान दिया गया है और साथ ही पांच विकल्प भी दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों में से किसी एक विकल्प को रिक्त स्थान में भरने से वाक्य एक अर्थ पूर्ण वाक्य बन जाता है। सही विकल्प को ज्ञात कर रिक्त स्थान की पूर्ति करें। यदि कोई भी विकल्प उपयुक्त ना हो तो विकल्प E का चयन करें।**

**1.** _____________ की मानसिक प्रक्रिया के अंतर्गत वास्तव में दो प्रकार की मानसिक प्रक्रियाएँ निहित हैं - प्रथम, विगत संवेदनशीलता का प्रतिस्मरण, द्वितीय, उन प्रतिस्मृत अनुभवों की एक नए संयोजन में रचना।

A. विचार

B. कल्पना

C. चिंतन

D. भाव

E. इनमें से कोई नहीं।

**2.** रूपांतरण में एक समस्या पात्रों के _____________ को कहानीकार द्वारा विवरण के रूप में व्यक्त प्रसंगों या मानसिक द्वद्वों के दृश्यों की नाटकीय प्रस्तुति में आ सकती है।

A. निर्णय

B. संवाद

C. मनोभावों

D. सामंजस्य

E. इनमें से कोई नहीं।

**3.** भारतीय संस्कृति की _____________ प्रकृति ने उसे दीर्घायु और स्थायित्व प्रदान किया है जो संसार की किसी भी संस्कृति में नहीं पाई जाती है।

A. सहिष्णुता

B. उदारता

C. सहनशीलता

D. समन्वय

E. इनमें से कोई नहीं।

**4.** व्यक्तित्व के समायोजन के लिए मनोवैज्ञानिकों ने _____________ को मुख्य साधन माना, जिसके द्वारा मनुष्य अपने मनोभावों को प्रकाशित करता तथा भावनाओं को रूप देता है।

A. विवेचन

B. अभिव्यक्ति

C. अभिवेचन

D. प्रतिबंध

E. इनमें से कोई नहीं।

**5.** _____________ का अर्थ है किसी मुद्दे पर लिखे जा रहे लेख या फ़ीचर में उस ताजा घटना का उल्लेख जिसके कारण वह मुद्दा चर्चा में आ गया है।

A. डेस्क B. डेडलाइन C. न्यूज़ पेग

D. पीत पत्रकारिता E. इनमें से कोई नहीं।

**6.** जब किसी टेलीविजन चैनल का पत्रकार छुपे टेलीविज़न कैमरे के जरिए किसी गैर कानूनी, अवैध और असामाजिक गतिविधियों को फिल्माता है और फिर उसे अपने चैनल पर दिखाता है तो इसे _____________ कहते हैं।

A. गोपनीय कोड B. चक्रव्यूह C. बीट

D. स्टिंग ऑपरेशन E. इनमें से कोई नहीं।

**7.** प्राचीन काल के मानव को अपने विचारों को सुरक्षित रखने के लिए _____________ का आविष्कार करना पड़ा था इसलिए कह सकते हैं कि ये ऐसे प्रतीक चिन्हों का संयोजन हैं जिनके द्वारा श्रव्य भाषा को दृष्टिगोचर किया जाता है।

A. संवाद B. चित्रकला C. लिपि

D. वास्तुकला E. इनमें से कोई नहीं।

Smartkeeda
The Question Bank

**8.** _____________ का अर्थ क्रिया करने के तरीके का हस्तान्तरण है जबकि परंपरा का अर्थ सोचने या विश्वास करने के एक तरीके का हस्तान्तरण है।

A. प्रणाली B. नियम C. प्रथा

D. रूढ़ि E. इनमें से कोई नहीं।

**9.** _____________ किसी मानव समूह की उस साझी अभिव्यक्ति को कहते हैं जो कथाओं, कहावतों, चुटकुलों आदि अनेक रूपों में अभिव्यक्त होता है।

A. लोक कथा B. लोक वास्तु C. लोक उत्सव

D. लोक गीत E. इनमें से कोई नहीं।

**10.** शिक्षा एवं प्रक्रिया है जिसके माध्यम से बच्चों में ऐसे विशेष गुणों, ____________ मूल्यों तथा व्यवहार का विकास होता है जो सार्वभौमिक दृष्टि से हितकारी हो।

A. तथ्यों B. दृष्टिकोणों C. आवेगो

D. नज़रिए E. इनमें से कोई नहीं।

Smartkeeda
The Question Bank

**Correct answer:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B | D | A | B | C | D | C | C | A | B |

**Explanation:**

**1.** उपर्युक्त वाक्य तथा दिए गए विकल्पों का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि **विचार** (सोचकर निश्चित किया गया भाव), **कल्पना** (मन की वह शक्ति जो अप्रत्यक्ष विषयों का रूप सामने ला देती है), **चिंतन** (किसी बात के महत्व का विचार) तथा **भाव** (मन में उत्पन्न होने वाला विचार)।

इन सभी विकल्पों के शाब्दिक अर्थों का अवलोकन करने के बाद ज्ञात होता है कि 'कल्पना' ही वह मानसिक प्रक्रिया है जिसकी दो मानसिक प्रक्रिया होती हैं।

अतः विकल्प B सही उत्तर है।

**2.** उपर्युक्त वाक्य तथा दिए गए विकल्पों का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि **निर्णय** (एक क्रिया को करने के विभिन्न विकल्पों में से एक का चयन), **संवाद** (बातचीत), **मनोभाव** (मन में उत्पन्न होने वाला या रहने वाला विचार) तथा **सामंजस्य** (मेल, संगीत, एकरसता) में से 'मनोभावों' विकल्प ही वाक्य को पूर्ण अर्थ देने में सक्षम है।

अतः विकल्प D सही चयन है।

**3.** उपर्युक्त वाक्य तथा दिए गए विकल्पों का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि **सहिष्णु** (सहनशीलता), **उदारता** (दानी स्वभाव) तथा **समन्वय** (मिलाने वाला) में से निश्चित रूप से 'सहिष्णु' शब्द ही रिक्त को पूर्ण करने में सक्षम है।

अतः विकल्प A सही चयन है।

**4.** दिए गए विकल्पों के शाब्दिक अर्थ **विवेचन** (किसी विषय को तौलकर व तथ्य व वास्तविकता का ध्यान रखना), **अभिव्यक्ति** (विचारों के प्रकाशन से है), **अभिवेचन** (अदालत में वकील का कथन या पक्ष) तथा **प्रतिबंध** (बांधने की क्रिया या भाव) को जानने के बाद निश्चित रूप से 'अभिव्यक्ति' शब्द ही रिक्त स्थान को अर्थपूर्ण रूप से पूर्ण करने में समर्थ है।

अतः विकल्प B सही चयन है।

5. उपर्युक्त वाक्य तथा दिए गए विकल्पों का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि ये सभी शब्द समाचार पत्र से संबंधित हैं - **डेस्क** (डेस्क का आशय संपादन से है), **डेडलाइन** (किसी समाचार की आखिरी समय सीमा), **न्यूज़ पेग** (चर्चित मुद्दे को लिखना), **पीत पत्रकारिता** (पाठकों को आकर्षित करने के लिए चुटकुलों, फिल्मी गपशप आदमी आदि का लिखना)। किंतु न्यूज़पेग ही रिक्त को पूर्ण करने में सक्षम है।

अतः विकल्प C सही उत्तर है।

6. उपर्युक्त वाक्य तथा दिए गए विकल्पों का ध्यान से अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि असामाजिक अपराधों को पकड़ने के लिए पत्रकारों द्वारा किया गया जासूसी कार्य **स्टिंग ऑपरेशन** कहलाता है। **गोपनीयता कोड**, **चक्रव्यूह** इसी के भाग तथा **बीट** का अर्थ है किसी रिपोर्टर के कार्यक्षेत्र को निश्चित करना।

अतः सभी विकल्पों को देखें तो विकल्प D सही चयन है।

7. सभी विकल्पों को ध्यान से देखें व वाक्य को पढ़ें तो स्पष्ट होता है कि मानव अपने विचारों को **लिपि** के माध्यम से ही आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख सकता है।

अतः विकल्प C सही उत्तर है।

Smartkeeda The Question Bank

8. उपरोक्त रिक्त के लिए यदि प्रथा और रूढ़ि के अर्थ को देखें तो इन्हें एक ही मान लिया जाता है किंतु दोनों थोड़ा अंतर है - क्रिया करने का एक तरीका जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तान्तरित होता है **प्रथा** है जबकि रूढ़ि का अर्थ क्रिया करने के तरीके में अनैतिकता, अमानवीयता व भेदभाव का समावेश हो जाए तो वह रूढ़ि कहलाती है।

अत: दिए गए रिक्त में प्रथा अधिक उपयुक्त शब्द है। स्पष्ट रूप से विकल्प C सही उत्तर है।

9. उपर्युक्त वाक्य व विकल्पों का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि **लोक कथा** (इसमें कहावतों, चुटकुलों आदि के अनेक रूपों की अभिव्यक्ति), **लोक वास्तु** (जल, पृथ्वी, वायु, अग्नि, आकाश के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए निवास स्थान का निर्माण करवाना है), **लोक उत्सव** (इसमें लोकगीत, नृत्य, नाटक आदि द्वारा हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाना) तथा **लोक गीत** भी लोक कला का भाग है जो जिह्वा द्वारा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक प्रेषित होता है।

अत: स्पष्ट है कि इन सभी विकल्पों में लोक कथा ही रिक्त को पूर्ण करने में समर्थ है।

स्पष्ट रूप से विकल्प A सही उत्तर है।

**10.** उपर्युक्त वाक्य तथा दिए गए विकल्पों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि **तथ्यों** (ऐसा कथन जो वास्तविकता के अनुकूल हो), **संवेगों** (वेग से युक्त स्नेह, प्रेम, क्रोध, भय आदि भाव), **नजरिया व दृष्टिकोण** एक दूसरे के पर्यायवाची हैं जिनका अर्थ है (एक ही वातावरण, परिस्थिति में रहते हुए अपने विचार-कार्य तथा कार्यों की विधि-गति)। अतः सभी विकल्पों का अध्ययन करने के बाद 'दृष्टिकोण' शब्द ही रिक्त को पूर्ण अर्थवत्ता प्रदान करता है।

अतः विकल्प B सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank


Smartkeeda
The Question Bank
Presents
TESTZONE
India's least priced Test Series Platform
JOIN
All Bank Exams
2020-2021 Test Series
@ Just
₹ 599/-
400+ Mock Tests
Brilliant Test Analysis
Excellent Content
Unmatched Explanations
JOIN NOW